*This Question Paper contains 8 printed pages.*
*(Sections - A, B, C & D)*

Sl.No. 2199

# 02(H)

**(MAY, 2021)**
**(Old Course)**

***Time : 3 Hours]*** ***[Maximum Marks : 80***

**सूचनाएँ :**

1) हस्तलेखन को स्पष्ट लिखिए।
2) इस प्रश्नपत्र में चार विभाग हैं A, B, C और D एवं कुल 1 से 60 प्रश्न हैं।
3) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं, आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।
4) दाहिनी ओर प्रश्न के अंक दिये गए हैं।
5) सूचना के अनुसार आकृतियाँ स्वच्छ, स्पष्ट और उचित प्रमाण में बनाएँ।
6) नया विभाग नये पन्ने पर लिखिए। प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दीजिए।

## विभाग – A

### गद्य विभाग

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए। **[10]**

1) 'जिन्दगी और गुलाब के फूल' पाठ की लेखिका कौन है?
   (A) महादेवी वर्मा (B) मन्नू भंडारी
   (C) उषा प्रियंवदा (D) सुमित्रानंदन पंत

2) कर्म में आनन्द अनुभव करने वालों ही का नाम क्या है?
   (A) कर्मण्य (B) मीमांसक
   (C) वाग्वीर (D) कर्तव्यनिष्ठ

3) तताँरा किस गाँव का निवासी था?
   (A) लपाती (B) पासा
   (C) छिंदवाड़ा (D) उन्नाव

4) गिरधारी किस दिन वापस घर आया?

(A) संक्रान्ति (B) होली

(C) दीवाली (D) गुरु पूर्णिमा

5) गंगा के डेल्टा प्रदेश को क्या कहा जाता है?

(A) सुन्दर वन (B) नन्दन वन

(C) महावन (D) उपवन

6) विवेकवाणी पाठ के लेखक का नाम क्या है?

(A) मोहन राकेश (B) नरेश मेहता

(C) विवेकानन्द (D) प्रेमचन्द

7) दान कितने प्रकार का होता है?

(A) दो (B) चार

(C) एक (D) तीन

8) ख्यूक्रिन कौन था?

(A) लोहार (B) हवलदार

(C) जनरल (D) सुनार

9) मानव जाति का सबसे बड़ा शत्रु क्या है?

(A) अज्ञान (B) धर्म

(C) कर्म (D) पुण्य

10) समुद्र लाँघने के लिए हनुमान ने क्या दिखाया?

(A) उत्साह (B) श्रद्धा

(C) बुद्धि (D) तन्मयता

■ एक-एक वाक्य में उत्तर दीजिए : [2]

11) सुबोध ने अखबार पढ़ना क्यों छोड़ दिया?

12) सत्कार की ऊष्मा समाप्त होने पर क्या हुआ?

■ प्रश्नों के उत्तर दो – तीन वाक्यों में दीजिए : (कोई तीन) [6]

13) कर्म में लाघव की वासना क्यों उत्पन्न होती है?

14) बीमारी के दिनों में अशफ़ाक द्वारा राम-राम बोलने का क्या रहस्य था?

15) काठगोदाम के पास भीड़ क्यों इकट्ठी हो गई थी?

16) कोलकाता के लोगों में संगीत और संगीन का समन्वय हुआ है। कैसे?

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर छः-सात पंक्तियों में विस्तार से लिखिए (कोई एक) : [4]

17) फल की इच्छाभाव से किया जाने वाला प्रयत्न आनंदशून्य क्यों होता है?

18) ज्ञान कहाँ छिपकर बैठ गया? उसने किसकी आवाज सुनी?

■ ससंदर्भ व्याख्या कीजिए। (कोई एक) : [3]

19) एक देवता और एक मनुष्य अधिक देर साथ नहीं रहते।

20) चरैवेति चरैवेति।

## विभाग - B

### पद्य विभाग

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए : [10]

21) सो दुविधा पारस नहिं जानत, ........... करत खरौ।

(A) सोना (B) कंचन

(C) बरन (D) कुंदन

22) कृष्ण रुपी छल्ली है ........... औरहि और बोलै।

(A) मालिन (B) गामिन

(C) ग्वालिन (D) इनमें से कोई नहीं

23) रानी अब हो गयी ..........।

(A) सयानी (B) नौकरानी

(C) दानी (D) स्वाभिमानी

24) क्या आत्मा की उन्नति केवल है ............ तक ही सीमित।

(A) निम्न वर्ग (B) उच्च वर्ग

(C) मध्यम वर्ग (D) अछूत वर्ग

25) वह आ गयी और मेरी ........... में बैठ गई।

(A) तरफ (B) बगल

(C) महल (D) सरल

26) चूल्हा कुछ नहीं बोलता चुपचाप ............. है।

(A) चलता (B) बतियाती

(C) मचलता (D) जलता

27) हर सपने के पीछे ............... होती है ।

(A) अच्छाई (B) सच्चाई

(C) कठिनाई (D) झुठाई

28) धरती खोलती है पुराना ............ ।

(A) इतिहास (B) राग

(C) अलबम (D) रहस्य

29) तासु वचन अति सिचहि सोहाने, द्रश्स लागि ........... अकुलाने ।

(A) लोचन (B) नयन

(C) दृग (D) चक्षु

30) रजनी की .......... घड़ियो को ।

(A) दूनी (B) सूनी

(C) जूनी (D) लूनी

■ प्रश्नों के उत्तर एक–एक वाक्य में लिखिए । [2]

31) कल्लोल करते पक्षी की आँखों में क्या चमकता है?

32) शबरी के मतानुसार अन्त्यज कैसे पवित्र हो जाते है?

■ प्रश्नों के उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखे : [6]

33) कवि ने अपने पैर सीट से नीचे क्यों कर लिए?

34) चौराहे पर लालबत्ती हो जाने पर कथानायक को क्या याद आता है?

35) कवि के अगणित क्षण कैसे–कैसे है?

■ प्रश्नों के उत्तर छः–सात पंक्तियों में विस्तृत रूप से लिखिए। (कोई एक) [4]

36) कामगार औरत की स्थिति को अपने शब्दों में लिखिए।

37) 'उजले दिन जरुर' काव्य का केन्द्रीय भाव अपने शब्दों में लिखिए।

■ ससंदर्भ व्याख्या कीजिए। (कोई एक) [3]

38) तन माया, ज्यों ब्रह्म कहावत, सूर सु मिलि बिगरौ।

39) चेरी भई विण मोलै।

## विभाग – C

### व्याकरण विभाग

■ संधि–विच्छेद कीजिए। [2]

40) उल्लेख

41) अध्ययन

■ सामासिक पदों का विग्रह करके नाम दीजिए। [2]

42) महावन

43) त्रिभुज

■ विलोम शब्द लिखिए। [1]

44) प्रेम

■ पर्यायवाची शब्द लिखिए। [2]

45) बारिश

46) हवा

■ कहावत का अर्थ लिखिए। [2]

47) न होगा बाँस न बजेगी बाँसुरी

48) नाच न जाने आँगन टेढ़ा

■ शब्द समूह के लिए एक शब्द लिखिए। [2]

49) जानने की इच्छा रखनेवाला

50) धर्म का उपदेश देनेवाला

■ मुहावरो का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए। [2]

51) दिल बैठना

52) आहत होना

■ अलंकार को सोदाहरण परिभाषित कीजिए। [2]

53) उपमा

अथवा

54) अतिश्योक्ति

## विभाग – D
## (लेखन कार्य)

55) डिम्पल पटेल अपनी सखी शिवानी शाह को उसके पिता की अकाल मृत्यु पर सांत्वना पत्र लिखती है । [3]

■ अपठित परिच्छेद के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखिए । [4]

कुछ ऐसे आलसी जीव होते हैं कि बिना इस बाहरी दबाव के लिख नहीं पाते इसी के सहारे उनके भीतर की विवशता स्पष्ट होती है – यह कुछ वैसा ही है जैसे प्रातःकाल नींद खुल जाने पर कोई बिछौने पर तब तक पड़ा रहे जब तक घड़ी का एलार्म न बज जाए । इस प्रकार वास्तव में कृतिकार बाहर के दबाव के प्रति समर्पित नहीं हो जाता है, उसे केवल एक सहायक यंत्र की तरह काम में लाता है, जिससे भौतिक यथार्थ के साथ उसका संबंध बना रहे ।

56) प्रातःकाल कौन नहीं उठता है?

57) समय का यंत्र क्या है?

58) कुछ जीव कैसे होते हैं?

59) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए ।

■ किसी एक विषय पर 250 शब्दों में निबंध लिखिए । [8]

60) नदी की उपयोगिता

अथवा

60) श्रम का महत्व

अथवा

60) मेरी प्रिय ऋतु

अथवा

60) स्वच्छता अभियान

⌘⌘⌘